Phone : 0141-2711070 Ext.2305
0141-2706470 Office

राजनीति विज्ञान विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर–302004

DEPARTMENT OF POLITICAL SCIENCE, UNIVERSITY OF RAJASTHAN, JAIPUR-302 004

DATE: 24.11.2021

शोध पत्र आमंत्रण

प्रत्येक राष्ट्र एवं समाज का राजनीतिक आधार और उसकी निर्माण प्रक्रिया वहां के शिक्षण संस्थानों में हो रही शैक्षणिक गतिविधियों से दर्शित होती है। विश्वविद्यालयों में हो रही शैक्षणिक अथवा सांस्कृतिक गतिविधियों से समाज में हो रहे राजनैतिक परिवर्तनों को समाजोभिमुख किया जा सकता है। प्रायः सभी विश्वविद्यालयों की भूमिका अपनी अपनी वर्तमान परिस्थितियों में प्रतिगामी शैक्षणिक आकांक्षाओं का सम्भव करने की रही है, जिससे समाज का सामूहिक जीवन सुव्यवस्थित, सुमर्यादित एवं समुन्नत हो सके। उपरोक्त तत्वों की परिधि में निश्चित रूप से विश्वविद्यालयों में शोध कार्यों से नवीन आलेखों का प्रकटीकरण हुआ है जो राजनीतिक अभिवृद्धि एवं गौरव प्रदान करने का सुगम माध्यम है। इस दिशा में शोध पत्रिकाएं निसंदेह शोध उपलब्धियों की वाहिनियाँ हैं, इसी क्रम में राजनीति विज्ञान विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर अपनी अर्द्धवार्षिकी पत्रिका राज्य शास्त्र समीक्षा का प्रकाशन करता है। विभाग का प्रयत्न रहता है कि यह पत्रिका विश्वविद्यालय में हो रहे शैक्षणिक नवाचार विशेषतः राजनीतिक समीक्षा केन्द्रित शोध के स्पंदन का प्रामाणिक दस्तावेज बने, इसके लिए विभाग अनवरत रूप से प्रयासरत एवं प्रतिबद्ध है। राजनीति विज्ञान विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा विविध सामाजिक–राजनीतिक विज्ञानों के बहुआयामी और अर्न्तविषयों के सैद्धान्तिक चिंतन तथा शोध पद्धति विवेचन के प्रकाशन, संप्रेषण के लिए प्रतिबद्ध राज्य शास्त्र समीक्षा का यह 35वां एवं 36वां अंक प्रकाशित करने जा रहा है। यह पत्रिका राजनैतिक सामाजिक–आर्थिक महत्व के ज्वलंत समस्याओं व मुद्दों पर विचार विमर्श प्रस्तुत करने एवं अनुभवों के आदान–प्रदान के लिए एक मंच प्रदान करती है। पत्रिका विभिन्न शोध आलेखों की उपलब्धियों को नई शैली के स्वरूप में संप्रेषित आत्मसात करने का प्रयास है। प्रस्तुत अंक के लिए राज्य शास्त्र समीक्षा शैक्षणिक तथा अन्य संबद्ध क्षेत्रों में मौलिक लेखन का स्वागत करती है।

आदरणीय सर/मैडम

राजनीति विज्ञान विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर की हिंदी भाषा में प्रकाशित की जाने वाली अर्द्धवार्षिक शोध पत्रिका राज्य शास्त्र समीक्षा, वॉल्यूम–35 एवं36 में प्रकाशन हेतु मौलिक शोध पत्र/आलेख/पुस्तक समीक्षा आमंत्रित किये जाते हैं जिसकी अंतिम दिनाँक 31दिसम्बर 2021 है। अतः उक्त दिनाँक तक निर्धारित दिशा निर्देशों के अनुरूप अपने शोध पत्र/आलेख/पुस्तक समीक्षा mkvuor@gmail.com पर भेजने का श्रम करें।

<u>लेखकों के लिये दिशा निर्देश</u>

- शोध पत्र प्रारूप : APA, devlys 010, size14, Hindi, MS word, space 1.5, word limit- 4000 – 5000
- शोध पत्र में शीर्षक, लेखक का नाम, पदनाम, पदस्थापना का विवरण, मोबाइल नंबर तथा ई–मेल एड्रेस, शोध सारांश, संकेताक्षर अवश्य दिया जावे।
- शोध पत्र के साथ यह घोषणा अवश्य संलग्न करें कि शोध पत्र मौलिक है तथा इसे अन्यत्र कहीं प्रकाशनार्थ प्रेषित नहीं किया गया है।
- किसी भी प्रकार के कॉपी राइट उल्लंघन और प्लेजियरिज्म के लिये संपादक एवं सह सम्पादक की जिम्मेदारी नहीं होगी।
- शोध पत्रों की समीक्षा विभिन्न अनुभवी समीक्षकों के पैनल द्वारा करवाई जायेगी तदुपरांत ही शोध पत्रों का प्रकाशन किया जायेगा।
- शोध पत्र की स्वीकृति की सूचना लेखक को ई–मेल द्वारा प्रदान कर दी जायेगी।
- **संपर्क :** डॉ मुकेश कुमार वर्मा (मोबाइल नंबरः 9680567512, ई–मेलःmkvuor@gmail-com)

मुख्य संपादक एवं प्रबंध निदेशक :
प्रो. मंजू सिंह,
विभागाध्यक्ष,
राजनीति विज्ञान विभाग,
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

सह–संपादक :
डॉ राजेश कुमार शर्मा
एसोसिएट प्रोफेसर
राजनीति विज्ञान विभाग,
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

सह–संपादक :
डॉ. मुकेश कुमार वर्मा,
असिस्टेंट प्रोफेसर,
राजनीति विज्ञान विभाग,
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

DECLARATION FORM

I/We.. Certify that the paper entitled.. is original and unpublished. This paper is prepared by me /jointly with.............................,......... exclusively for **Rajay Shastra Sameeksha**. I/We transfer the copyright of the paper to the **Rajay Shastra Sameeksha**andI/We am/are responsible for the any type of plagiarism in the research papers.

Name with Designation and Address of Author(s)

....

....

Mobile No...............................

E-mail Id..................................

Date ....

Place ....

Signature of Author(s)

(1)...(2)...